# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी

# अप्रैल, 2025

संजीव वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान की आर्थिक समीक्षा एवं बजट का सार संग्रह;
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव वेबसाइट से आप E-Book भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी अप्रैल, 2025 (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 April, 2025

- **हाल ही में आइएफएस अधिकारी निधि तिवारी को पदोन्नत कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का निजी सचिव नियुक्त किया गया है। उन्हें वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री कार्यालय में उपसचिव बनाया गया था।**
- **उत्तराखण्ड ने 17 स्थानों के नाम बदलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी–**

31 मार्च, 2025 को उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्करसिंह धामी ने राज्य के चार जिलों, हरिद्वार, देहरादून, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर के 17 स्थानों के नाम बदलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। उन्होंने कहा कि नया नामकरण जनभावना और भारतीय संस्कृति एवं विरासत के अनुरूप किया जा रहा है। नाम बदलने के बाद हरिद्वार जिले के औरंगजेबपुर का नाम शिवाजी नगर, मोहम्मदपुर जट का नाम मोहनपुर जट, खानपुर कुर्सली का नाम अंबेडकर नगर, खानपुर का नाम श्री कृष्णपुर और अकबरपुर फाजलपुर का नाम विजयनगर रखा गया है। देहरादून जिले का मियांवाला अब रामजीवाला और पीरवाला अब केसरी नगर कहलाएगा।

## Newspaper of 3 April, 2025

- **केन्द्र सरकार ने पूनम गुप्ता को 3 साल के लिए आरबीआइ की डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया–**

हाल ही में केन्द्र सरकार ने नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) की महानिदेशक पूनम गुप्ता को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) की डिप्टी गवर्नर नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। माइकल देबव्रत पात्रा ने जनवरी में यह पद छोड़ दिया था। उनका कार्यकाल 3 साल का होगा। वे पीएम की आर्थिक सलाहकार परिषद् की संयोजक भी हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष व विश्व बैंक में काम करने के बाद पूनम गुप्ता 2021 में एनसीएईआर में शामिल हुई। उल्लेखनीय है कि वे राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान में आरबीआइ चेयर प्रोफेसर रह चुकी हैं।

- **हाल ही में IIT मद्रास ने छात्रों के लिए हैप्पीनेस सेंटर शुरू किया है इसका उद्देश्य ऐसे शैक्षणिक पाठ्यक्रम विकसित करना है, जो छात्रों को सकारात्मक भावनात्मक लचीलापन और उद्देश्य की भावना विकसित करने में मदद करे। यहाँ खुशी के विज्ञान पर अध्ययन के लिए एक माइंड लैब भी होगी। छात्रों को तनाव से निपटना सिखाने से जुड़े सत्र भी होंगे।**

## Newspaper of 7 April, 2025

- **पीएम नरेन्द्र मोदी ने रामेश्वरम् में ₹ 550 करोड़ की लागत से बने एशिया के पहले वर्टिकल लिफ्ट 'पंबन रेल पुल' का उद्घाटन किया–**

6 अप्रैल, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रामेश्वरम् में 550 करोड़ रुपए की लागत से बने एशिया के पहले वर्टिकल लिफ्ट 'पंबन रेल पुल' का उद्घाटन किया, जो 1914 में बने पुराने ब्रिज की जगह लेगा। 2.08 किलोमीटर लंबा ब्रिज रामेश्वरम् (पंबन द्वीप) को तमिलनाडु के मंडपम से जोड़ता है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने रामेश्वरम्–ताम्बरम (चेन्नई) नई रेल सेवा को हरी झंडी दिखाई।

**ऐसा है पंबन ब्रिज**

तमिलनाडु के रामेश्वरम् टापू को मंडपम से जोड़ने वाले देश के पहले वर्टिकल लिफ्ट सी–ब्रिज का 72.5 मीटर का नेविगेशनल लिफ्ट स्पैन 17 मीटर तक ऊँचा उठ सकता है, जिससे बड़े जहाज आसानी से गुजर सकें। 1914 में बने पुराने पंबन ब्रिज में 61 मीटर का मैन्युअल लिफ्ट ट्रस था, जो 81 डिग्री तक उठता था।

**लंबाई** : 2.08 किमी
**लिफ्ट स्पैन** : 72.5 मीटर, 17 मीटर तक ऊँचा उठता है
**स्पीड** : ट्रेनें 80 किमी/घंटे तक चल सकती है।
**ट्रैक** : दो ट्रैक की क्षमता, फिलहाल एक पर संचालन।
**लागत** : 550 करोड़ रुपए
**निर्माण** : रेल विकास निगम लिमिटेड
**परिचालन अवधि** : 100 वर्ष निर्धारित।

- **पद्मश्री से सम्मानित ओडिशा के सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक को ब्रिटेन के 'फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड जीतने वाले वे पहले भारतीय कलाकार हैं, उन्होंने इंग्लैंड के डोरसेट काउंटी में शुरू सैंडवर्ल्ड महोत्सव में भगवान गणेश जी की 10 फुट ऊँची रेत की मूर्ति बनाकर शांति का संदेश दिया था।**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 9 April, 2025

### ■ नया आधार वेरिफिकेशन ऐप लॉन्च हुआ; फेस आईडी से पहचान होगी–

8 अप्रैल, 2025 को आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक नया आधार एप पेश किया। इससे पहचान की पुष्टि यूपीआई पेमेंट करने जितनी आसान होगी। इस एप में क्यूआर कोड स्कैन और रियल टाइम फेस आईडी जैसे फीचर हैं, जिससे अब लोगों को आधार की फोटोकॉपी या कार्ड साथ रखने की जरूरत नहीं होगी। वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर कर बताया कि यह ऐप अभी बीटा टेस्टिंग फेज में है। इसके देशभर में लागू होने के बाद होटल, एयरपोर्ट या ट्रेन टिकट चैकिंग जैसे मौकों पर आईडी दिखाने के लिए पेपर आधार देने की जरूरत नहीं होगी। यह फोटोशॉप जैसे एडिटिंग से भी सुरक्षा देता है।

नए एप्लीकेशन के इस्तेमाल से यूजर फेस ऑथेन्टिकेशन अपने मोबाइल फोन से ही कर सकता है। इसके जरिए यूजर केवल जरूरत की जानकारी को अपनी मर्जी से शेयर कर सकता है। यानी यूजर के पास अपने डेटा का पूरा कंट्रोल रहेगा। इस ऐप के जरिए आधार वेरिफिकेशन यूपीआई पेमेंट की तरह क्यूआरकोड के जरिए किया जा सकेगा।

### ■ वक्फ (संशोधन) कानून, 2025 की अधिसूचना जारी; 8 अप्रैल, 2025 से लागू हुआ–

वक्फ (संशोधन) कानून 2025 अब आधिकारिक रूप से लागू हो गया है। 8 अप्रैल, 2025 को अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने इसकी अधिसूचना जारी की। मंत्रालय ने 8 अप्रैल 2025 से ही इस कानून के लागू होने की तारीख घोषित की है। राष्ट्रपति ने 5 अप्रैल को इस बिल पर अपनी मंजूरी दी थी।

## Newspaper of 10 April, 2025

### ■ भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने रेपो रेट 0.25 पॉइंट घटाई–

9 अप्रैल, 2025 को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने द्विमासिक मौद्रिक नीति का ऐलान किया। आरबीआई एमपीसी ने रेपो रेट को 0.25 आधार अंक कम करके 6 प्रतिशत कर दिया है, जो कि पहले 6.25 प्रतिशत थी। वर्ष 2025 में यह लगातार दूसरा मौका है, जब केन्द्रीय बैंक ने रेपो रेट में कटौती की है। इससे पहले फरवरी में आरबीआइ एमपीसी ने रेपो रेट 0.25 आधार अंक घटाई थी। रेपो रेट में कमी का असर होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन समेत सभी प्रकार के लोन की ब्याज दरों पर होता है।

**रेपो रेट एक नजर में–**

| | | |
|---|---|---|
| 30 सितम्बर, 2022 | – | 5.90% |
| 06 दिसम्बर, 2022 | – | 6.25% |
| 06 फरवरी, 2023 | – | 6.50% |
| 07 फरवरी, 2025 | – | 6.25% |
| 09 अप्रैल, 2025 | – | 6.00% |

### ■ भारत ने बांग्लादेश की ट्रांसशिपमेंट सुविधा बंद की; अब बांग्लादेश भारत से होकर दूसरे देशों में माल नहीं भेज पाएगा–

हाल ही में भारत ने बांग्लादेश की ट्रांसशिपमेंट सुविधा रद्द कर दी है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेस एंड कस्टम्स (सीबीआइसी) ने सर्कुलर जारी कर बांग्लादेश को दी जाने वाली ट्रांसशिपमेंट की सुविधा खत्म कर दी है। इस सुविधा के तहत बांग्लादेश से आने वाले सामान को भारत के रास्ते दूसरे देशों में भेजने की अनुमति दी गई थी। इसका मकसद था कि बांग्लादेश आसानी से भूटान, नेपाल और म्यांमार जैसे देशों को सामान भेज सके। अब बांग्लादेशी व्यापारियों को सामान भेजने और मंगाने के लिए ज्यादा समय लगेगा, ज्यादा खर्चा आएगा।

### ■ केन्द्र सरकार ने 64000 करोड़ रुपए के 26 रफाल मरीन विमानो की खरीद को मंजूरी दी–

सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने फ्रांस के साथ गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट एग्रीमेंट के जरिए 26 रफाल मरीन लड़ाकू विमानों की खरीद को मंजूरी दे दी है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक 64000 करोड़ रुपए से ज्यादा के इस सौदे पर जल्द दस्तखत हो सकते हैं। इस समझौते के तहत भारतीय नौसेना को 22 सिंगल-सीट और 4 ट्विन-सीट रफाल मरीन फाइटर जेट्स की डिलीवरी करीब चार साल में शुरू होने की उम्मीद है। पहला बैच 2029 के अंत तक नौसेना को मिल सकता है, जबकि 2031 तक सभी विमानों की तैनाती के आसार हैं। इन विमानों को आइएनएस विक्रमादित्य और स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आइएनएस विक्रांत पर तैनात किया जाएगा। पुराने मिग-29 के बेड़े को अलग-अलग चरण में हटाया जाएगा। रफाल मरीन भारत में पहले से उड़ान भर रहे रफाइल फाइटर जेट्स से ज्यादा एडवांस्ड हैं। इसका इंजन ज्यादा ताकतवर है। इसे विमानवाहक पोत आधारित मिशनों के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें मजबूत लैंडिंग गियर, अरेस्टर हुक्स और शॉर्ट टेक-ऑफ बट अरेस्टेड रिकवरी ऑपरेशनों को अंजाम देने के लिए मजबूत एयरफ्रेम की सुविधा है।

## Newspaper of 11 April, 2025

### ■ स्काईट्रैक्स वर्ल्ड एयरपोर्ट अवॉर्ड्स 2025 में सिंगापुर का चांगी एयरपोर्ट दुनिया का सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट चुना गया; दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट को भारत व दक्षिण एशिया का सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट घोषित किया गया–

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

हाल ही में जारी स्काईट्रैक्स वर्ल्ड एयरपोर्ट अवॉर्ड्स 2025 में सिंगापुर का चांगी एयरपोर्ट एक बार फिर दुनिया का सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट चुना गया है। यह 13वीं बार है जब चांगी ने यह खिताब हासिल किया है। इसके साथ ही चांगी एयरपोर्ट को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ डाइनिंग अनुभव, सबसे स्वच्छ वॉशरूम और एशिया का सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट भी घोषित किया गया। यह रैंकिंग यात्रियों के अनुभव, सुविधा, सफाई और सेवाओं के व्यापक मूल्यांकन पर आधारित होती है।

**टॉप 05 एयरपोर्ट्स–**

| रैंक | एयरपोर्ट | देश |
|---|---|---|
| 1 | चांगी | सिंगापुर |
| 2 | हमाद | कतर |
| 3. | हनेडा | जापान |
| 4. | इंचियोन | द. कोरिया |
| 5. | नारिता | जापान |

**भारत का प्रदर्शन–**

दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट को भारत व दक्षिण एशिया का सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट घोषित किया गया है। हैदराबाद एयरपोर्ट को सर्वश्रेष्ठ स्टाफ सेवा और बेंगलुरू एयरपोर्ट को भारत का सर्वश्रेष्ठ रीजनल एयरपोर्ट चुना गया।

## Newspaper of 12 April, 2025

■ **जातिगत गणना रिपोर्ट को सिद्धारमैया कैबिनेट में मंजूरी–**

11 अप्रैल, 2025 को राज्य की राजनीति में दूरगामी प्रभाव डालने वाली सामाजिक-आर्थिक-शैक्षिक सर्वेक्षण रिपोर्ट (जिसे जातिवार जनगणना के नाम से भी जाना जाता है) को कर्नाटक राज्य मंत्रिमण्डल ने स्वीकार कर लिया।

जातिवार जनगणना राज्य में एक प्रमुख राजनीतिक मुद्दा है। राज्य के दो प्रमुख समुदाय लिंगायत और वोक्कालिंगा एक नए सर्वेक्षण की मांग कर रहे हैं वहीं अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी, एसटी) इसके पक्ष में हैं। माना जा रहा है कि लंबे समय से ठंडे बस्ते में पड़ी जातिवार जनगणना रिपोर्ट नई दिल्ली में मुख्यमंत्री सिद्धरमैय्या की राहुल गांधी से हुई मुलाकात और अहमदाबाद अधिवेशन में हुई चर्चा के बाद कैबिनेट में रखी गई।

## Newspaper of 14 April, 2025

■ **ब्रह्मकुमारीज संस्थान की 84 वर्षीय मोहिनी दीदी मुख्य प्रशासिका बनीं–**

13 अप्रैल, 2025 को ब्रह्मकुमारीज संस्थान की नई मुख्य प्रशासिका के रूप में 84 वर्षीय राजयोगिनी मोहिनी दीदी को दायित्व सौंपा गया है। वह ब्रह्मकुमारीज की छठीं मुख्य प्रशासिका बनी हैं। इसके पूर्व वह पिछले चार साल से अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका का दायित्व संभालती आ रही थीं।

## Newspaper of 15 April, 2025

■ **ऑस्कर पियास्त्री बहरीन ग्रांप्री फॉर्मूला वन रेस जीत चैम्पियन बनें–**

मैक्लारेन के ऑस्कर पियास्त्री ने बहरीन ग्रांप्री फॉर्मूला वन रेस जीत ली। वहीं उनके टीम साथी लैंडो नॉरिस तीसरे स्थान पर रहे। मर्सिडीज के जॉर्ज रसेल ने दूसरा स्थान हासिल किया। हालांकि नॉरिस को गलत शुरुआत करने के कारण पाँच सेकण्ड की पेनल्टी भी मिली। अंतिम लैप में उनके पास रसेल को पीछे छोड़ने का मौका था, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए और उन्हें तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। फरारी के चार्ल्स लैक्रेक चौथे स्थान पर रहे।

■ **एससी का वर्गीकरण लागू करने वाला पहला राज्य तेलंगाना बना; वंचित जातियों को मिलेगा लाभ–**

14 अप्रैल, 2025 को सुप्रीम कोर्ट के अहम फैसले के बाद ऐतिहासिक कदम उठाते हुए तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने अनुसूचित जाति (एससी) आरक्षण में वर्गीकरण, यानी कोटे में कोटा, लागू कर दिया। सरकार के इस फैसले से एससी की वंचित जातियों को आरक्षण का लाभ मिल सकेगा।

बाबा साहेब अंबेडकर की 134वीं जयंती पर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की सरकार ने तेलंगाना अनुसूचित जाति (आरक्षण का युक्तिकरण) अधिनियम, 2025 लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी। इससे प्रदेश में एससी के लिए लागू 15 फीसदी आरक्षण तीन हिस्सों में विभाजित होगा। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने अगस्त 2024 में ही सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद विधानसभा में घोषणा की थी कि इस फैसले को लागू किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अविभाजित आंध्रप्रदेश के समय से ही पिछले 30 साल से मडिगा आरक्षण पोराटा समिति (एमआरपीएस) की ओर से एससी में आरक्षण वर्गीकरण की मांग की जा रही है।

**अब एससी का कोटा ऐसे–**

| ग्रुप | जातियाँ | एससी में जनसंख्या | आरक्षण |
|---|---|---|---|
| ए | 15 | 3.30% | 1% |
| बी | 18 | 62.74% | 9% |
| सी | 26 | 33.96% | 5% |

## Newspaper of 16 April, 2025

■ **हाल ही में भारतीय रेलवे ने प्रायोगिक तौर पर मुंबई-मनमाड पंचवटी एक्सप्रेस के एक कोच में एटीएम लगाया है। यह पहली बार है जब किसी ट्रेन में एटीएम की ऐसी**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**सुविधा की जा रही है। यह एटीएम बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने उपलब्ध करवाया है।**

- **भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) का अनुमान; वर्ष 2025 में सामान्य से ज्यादा रहेगा मानसून; 105 फीसदी बारिश की संभावना–**

वर्ष 2024 की तरह ही वर्ष 2025 में भी लगातार दूसरे साल देश में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अपने आधिकारिक पूर्वानुमान में कहा कि मानसून-2025 के दौरान जून से सितंबर के बीच 105% बारिश होगी। मौसम विभाग 96-104% तक बारिश को सामान्य मानता है। पूरे देश में मानसून के चार महीनों के दौरान सामान्य रूप से 87 सेमी (100%) बारिश होती है, जो इस बार 91.4 सेमी तक पहुँचने की संभावना है।

## Newspaper of 17 April, 2025

- **जापान 320 किमी/घंटे की गति वाली ई5-ई3 बुलेट ट्रेन भारत को फ्री देगा, 2026 की शुरुआत में मिल जाएंगी दोनों ट्रेन–**

मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए जापान भारत को दो शिंकानसेन ट्रेन ई5 और ई3 मुफ्त में देगा। इनकी डिलीवरी 2026 की शुरुआत में हो सकती है, ताकि यहाँ के उच्च तापमान और धूल जैसी पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच ट्रायल का परिचालन डेटा जुटाया जा सके। वैसे, जापान अभी ई10 मॉडल बना रहा है, जो आधुनिक होने के साथ-साथ ई3 और ई5 की तुलना में काफी तेज होगा। जापान टाइम्स के मुताबिक ई10 को दोनों देशों में एक साथ ट्रैक पर उतारने के लिए मंथन चल रहा है, लेकिन मुंबई-अहमदाबाद कॉरिडोर का कुछ हिस्सा परिचालन के लिए अगस्त, 2027 में शुरू किया जा सकता है। ऐसे में ई5 और ई3 से ही काम चलेगा। तब तक इन दोनों ट्रेनों से मिले डेटा के आधार पर ई10 को अपग्रेड करने में मदद मिलेगी। इन ट्रेनों को अधिक सामान रखने की जगह और कठोर मौसमी परिस्थितियों में ढलने लायक बनाया जा रहा है।

**ई5 शिंकानसेन (हायाबुशा)–**

**कब बनी :** 2011

**टॉप स्पीड :** 320 किमी/घंटा

**डिजाइन :** हवा का प्रतिरोध कम करने के लिए 15 मीटर लंबी एयरोडायनामिक नोज।

**आरामदायक :** फर्स्ट क्लास कोच। वाइब्रेशन और शोर नहीं।

**ब्रेकिंग :** बहुत स्मार्ट। भूकंप या इमरजेंसी में बिना जर्क रूकती है।

**कोच :** 253 मीटर लंबी एल्युमीनियम मिश्रित धातु से बनी। 10 कोच, जिनमें 731 यात्री बैठ सकेंगे।

**ई3 शिंकानसेन सीरीज–**

**कब बनी :** 1997 में। मिनी शिंकानसेन भी कहते हैं।

**टॉप स्पीड :** 275 किमी/घंटा

**आरामदायक :** राइड क्वालिटी, कई सेफ्टी फीचर्स। लागत कम।

**डिजाइन :** संकरी और साधारण पटरियों पर भी चल सकती है।

**ताकत :** शक्तिशाली मोटर्स, हाई एक्सलेरेशन और एफिशिएंसी।

**कोच :** 253 मी. लंबी ट्रेन में 6 या 7 कोच होते हैं। इनमें कुल 350 यात्री बैठ सकते हैं।

- **हाल ही में अंतरराष्ट्रीय रिसर्च फर्म मूडीज ने वर्ष 2025 के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर किए अनुमान को घटाकर 5.5-6.5% कर दिया है। फरवरी, 2025 में मूडीज ने भारत की जीडीपी में 6.6% की वृद्धि का अनुमान लगाया था।**

- **जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई (बी.आर.गवई) भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआइ) बनेंगे–**

जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई 14 मई को भारत के 52वें सीजेआइ के रूप में शपथ लेंगे। वे पूर्व सीजेआइ केजी बालकृष्णन के बाद शीर्ष न्यायिक पद पर आसीन होने वाले दूसरे दलित होंगे।

**बॉम्बे हाईकोर्ट में शुरू की थी प्रैक्टिस–**24 नवंबर, 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती में जन्मे जस्टिस गवई साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं। जस्टिस गवई ने 1985 में कानूनी करियर शुरू किया। उन्होंने 1987 में बॉम्बे हाईकोर्ट में स्वतंत्र प्रैक्टिस शुरू की थी। नागपुर पीठ के उनके एक सहयोगी के अनुसार जस्टिस गवई ने कानून को करियर इसलिए चुना क्योंकि यह उनके पिता का अधूरा सपना था।

**1992 में अतिरिक्त सरकारी अभियोजक–**जस्टिस गवई ने संवैधानिक और प्रशासनिक कानून पर ध्यान केन्द्रित किया। अगस्त, 1992 में उन्हें बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच में सहायक सरकारी वकील और अतिरिक्त सरकारी अभियोजक नियुक्त किया गया। बाद में उसी बेंच के लिए वर्ष 2000 में सरकारी वकील और सरकारी अभियोजक बन गए।

**अनुच्छेद 370 समेत कई अहम फैसले–**दिसंबर, 2023 में सर्वसम्मति से पूर्ववर्ती राज्य जम्मू और कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने के केन्द्र के फैसले को बरकरार रखे जाने, राजनीतिक फंडिंग के लिए चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द करने और 2016 के 1000 और 500 रुपए मूल्यवर्ग के नोटों को बंद करने के फैसले को मंजूरी देने जैसे संविधान पीठ के अहम फैसलों में जस्टिस गवई शामिल रहे।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 19 April, 2025

### दिल्ली एम्स दुनिया के शीर्ष 100 अस्पतालों में शामिल हुआ–

हाल ही में दिल्ली के ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (एम्स) को दुनिया के 100 बेहतरीन अस्पतालों में जगह मिली है। न्यूजवीक और स्टैटिस्टा की 'वर्ल्ड बेस्ट हॉस्पिटल्स 2025' सूची में इसे 97वाँ स्थान मिला है। यह 2023 में 122वें जबकि 2024 में 113वें स्थान पर था। यानी दो साल में एम्स ने 25 पायदान की छलांग लगाई है। अमेरिका का मेयो क्लिनिक पहले स्थान पर है। इसके बाद क्लीवलैंड क्लिनिक (अमेरिका), टोरंटो जनरल हॉस्पिटल (कनाडा), जॉन्स हॉपकिन्स हॉस्पिटल (अमेरिका) और कैरोलिस्का यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल (स्वीडन) को शीर्ष पाँच में जगह मिली है।

यह रैंकिंग 30 देशों के 2400 से ज्यादा अस्पतालों के प्रदर्शन के आधार पर दी गई। इसमें मरीजों की संतुष्टि, क्लीनिकल आउटकम, स्वच्छता मानक और दुनियाभर के डॉक्टर्स की सिफारिशों को ध्यान में रखा गया। दिल्ली एम्स के अलावा भारत के दो अस्पतालों को टॉप-250 में जगह मिली है। गुरुग्राम के मेदांता को सूची में 146वाँ, जबकि चंडीगढ़ के पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआइएमईआर) को 228वाँ स्थान मिला है। पिछले साल ये दोनों अस्पताल क्रमश: 166वें और 246वें स्थान पर थे।

### यूनेस्को ने 'भगवद्गीता' और 'नाट्यशास्त्र' को 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड' रजिस्टर में शामिल किया–

18 अप्रैल, 2025 को विश्व धरोहर दिवस पर यूनेस्को ने श्रीमद् भगवद् गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया है। इस रजिस्टर में कुल 74 नई एंट्री की गई हैं। अभिलेखित संग्रहों की संख्या अब 570 हो गई। भारतीय दस्तावेजों की संख्या बढ़कर 14 हो गई हैं।

मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर दुनिया की दस्तावेजी विरासत को बचाने और उसके संरक्षण के लिए बनाया गया है। इसे 1992 में शुरू किया गया था। इसका मकसद ऐतिहासिक लिखित धरोहरों को विस्मृति से बचाने के साथ दुनियाभर में मूल्यवान अभिलेखीय होल्डिंग्स और पुस्तकालय संग्रहों को संरक्षित करना है। इसकी देखरेख अंतरराष्ट्रीय सलाहकार समिति करती है।

#### इसलिए किया गया चयन–

**1.** श्रीमद्भगवद् गीता के 18 अध्यायों में 700 श्लोक हैं। यह महाभारत काल का अनुपम हिंदू धर्मग्रंथ है। इसमें भगवान श्रीकृष्ण कुरुक्षेत्र में अर्जुन को उपदेश देते हैं। कर्म, ज्ञान और भक्ति का महत्त्व बताते हैं। गीता का चिरस्थायी मार्गदर्शक सिद्धांत आज भी लोगों को राह दिखाता है। यह भारत की समृद्ध संस्कृति और परंपरा को भी बताती है। गीता को सदियों से पूरी दुनिया में पढ़ा जा रहा है। इसका कई भाषाओं में अनुवाद हो चुका है।

**2.** भरत मुनि का नाट्यशास्त्र प्रदर्शन कलाओं का वर्णन करने वाले संस्कृत काव्य छंदों का संग्रह है। इसमें 36 हजार श्लोक हैं, और इसे नाट्यवेद का सार कहा जाता है। इसमें नाट्य, अभिनय, रस (सौंदर्य अनुभव), भाव, संगीत आदि को परिभाषित करने वाले नियमों का व्यापक दृष्टिकोण है। यह भारतीय रंगमंच, काव्यशास्त्र, सौंदर्यशास्त्र, नृत्य व संगीत को प्रेरित करता है। यह जानकारी उस समय के किसी भी ग्रंथ में उपलब्ध नहीं है। नाट्य क्षेत्र व इससे जुड़ी कलाओं में यह पहला ग्रंथ है, जो कि नाट्य की बारीकियों को समझाता है।

गौरतलब है कि यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में पांडुलिपियाँ, मुद्रित पुस्तकें, अभिलेखीय दस्तावेज, फिल्में, ऑडियो और फोटोग्राफिक रिकॉर्ड शामिल किए जाते हैं। इसमें पहले भारतीय प्रविष्टियों में ऋग्वेद, गिलगित, तमिल चिकित्सा पांडुलिपियों का संग्रह, मुगलकालीन शाही दस्तावेज और रामचरितमानस की पांडुलिपियाँ शामिल की जा चुकी हैं।

### देश में डिजाइन पहला एआई सर्वर 'आदिपोली' आठ जीपीयू से लैस–

18 अप्रैल, 2025 को केन्द्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पूरी तरह देश में डिजाइन किए गए पहले एआई (AI) सर्वर 'आदिपोली' का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर वैष्णव ने कहा कि 'आदिपोली' आठ जीपीयू से लैस है। इसकी शत प्रतिशत भारतीय डिजाइन उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में देश की बढ़ती ताकत को दर्शाती है। वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज ने यह सर्वर डिजाइन किया है।

### महाराष्ट्र में 'स्टेगोडॉन' गणेश हाथी प्रजाति के जीवाश्म मिले; 25000 साल पुराने, पाषाण युग के औजार भी पाए गए–

महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के वर्धा-पैनगंगा नदी के संगम क्षेत्र में 'स्टेगोडॉन' गणेश प्रजाति के विलुप्त हाथियों के दुर्लभ जीवाश्म मिले हैं। जीवाश्म करीब 25000 साल पुराने माने जा रहे हैं। खोज के दौरान पाषाण युग के औजार भी पाए गए। यह ऐतिहासिक खोज महाराष्ट्र के भूगर्भ शास्त्री प्रो. सुरेश चोपणे ने की। यह पहला मौका है, जब महाराष्ट्र में पाषाण युग के विलुप्त हाथी के जीवाश्म मिले हैं। उस युग के पत्थर के औजार मिलने से माना जा रहा है कि यह इलाका तब मानव जीवन व जीव-जंतुओं की गतिविधियों का साक्षी रहा होगा। जीवाश्म में हाथी की जांघ की हड्डी, खोपड़ी, छाती की हड्डियाँ और दाँत शामिल हैं। हाथी के दोनों लंबे दांत पूरी तरह नहीं

मिले, लेकिन उनका एक अहम टुकड़ा खोजा गया। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह प्रजाति मौजूदा एशियाई हाथियों की पूर्वज रही होगी।

## Newspaper of 20 April, 2025

- **आइपीएल-2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए वैभव सूर्यवंशी ने सबसे कम उम्र ( 14 वर्ष ) में डेब्यू किया–**

राजस्थान रॉयल्स के 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने आइपीएल में इतिहास रच दिया। 19 अप्रैल, 2025 को सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में वैभव ने लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ डेब्यू किया। वैभव इस टूर्नामेंट में खेलने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं, जिनका जन्म आइपीएल की शुरुआत के बाद हुआ। वैभव ने प्रयास रे बर्मन (16 साल, 157 दिन) का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2019 में आरसीबी के लिए डेब्यू किया था।

## Newspaper of 21 April, 2025

- **आंध्रप्रदेश की नई राजधानी बनने वाला अमरावती शहर नवीकरणीय ऊर्जा से चलेगा। यह ऐसा करने वाला दुनिया का पहला शहर होगा। इसके लिए जरूरी 2700 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा के दोहन की योजना बनाई जा रही है।**

- **72 घंटे तक बर्फ में दबे रहने के बाद भी जिंदा बचने वाले पर्वतारोही अनुराग मालु को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम, 2025 ने यंग ग्लोबल लीडर चुना है।**

हाल ही में 72 घंटे बर्फ में दबे रहने के बाद भी जिंदा बचे पर्वतारोही अनुराग मालू को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने 2025 के लिए यंग ग्लोबल लीडर चुना है। 40 से कम उम्र के भारत से 7 और दुनिया के 140 लीडर्स में शामिल अनुराग ग्लेशियर्स को बचाने की मुहिम चला रहे हैं।

अप्रैल 2023 में नेपाल के माउंट अन्नपूर्णा (8091 मीटर) पर चढ़ाई के दौरान अनुराग 80 मीटर गहरी बर्फीली खाई में गिर गए थे। कैंप-3 से कैंप-2 की ओर लौटते समय टूटी रस्सी का सहारा लेने पर अनुराग बर्फ में दब गए। 3 दिन तक बिना खाए-पिए पड़े रहे। बर्फ में दबे रहने के कारण शरीर के कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। 10 सर्जरी और डेढ़ साल की रिकवरी के बाद खुद को संभाला और अब एक बड़े मिशन की शुरुआत की।

## Newspaper of 22 April, 2025

- **ईसाइयों के सबसे बड़े धर्मगुरु पोप फ्रांसिस (88) का निधन हुआ–**

21 अप्रैल, 2025 को ईसाईयों के सबसे बड़े धर्मगुरु पोप फ्रांसिस (88) का निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। वेटिकन सिटी ने उनके निधन की पुष्टि की। ईस्टर मंडे को वेटिकन के कासा सेंटा मार्ता में अपने निवास में उन्होंने आखिरी सांस ली। जॉर्ज मारियो बेगोलियो यानी पोप फ्रांसिस 2013 में कैथोलिक ईसाइयों के सबसे बड़े धर्मगुरु बनने वाले पहले गैर यूरोपीय थे। उन्होंने 1300 साल का रिकॉर्ड तोड़ते हुए पोप का पद हासिल किया।

- **भारतीय रिजर्व बैंक की घोषणा : अब 10 साल से बड़े नाबालिग भी बैंक में सावधि और बचत खाते खुलवा सकेंगे–**

21 अप्रैल, 2025 को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने एक अहम फैसले में 10 वर्ष से अधिक उम्र के नाबालिग बच्चों को भी खुद के नाम से बचत और सावधि जमा खाते खुलवाने और चलाने की इजाजत दे दी है। अब तक नाबालिग बच्चों का बैंक अकाउंट उनके माँ-बाप या कानूनी अभिभावक के जरिए ऑपरेट होता था। आरबीआइ ने इस संबंध में संशोधित निर्देश जारी कर दिए है। हालांकि बैंक अपनी जोखिम प्रबंधन नीति को ध्यान में रखते हुए राशि और शर्त तय कर सकते हैं। बैंक यह भी तय करेंगे कि किस सीमा तक और किन शर्तों पर यह सुविधा दी जाए। इस बारे में जो भी नियम और शर्तें तय होंगी, उसके बारे में खाताधारक को जानकारी दी जाएगी। खाताधारक के 18 वर्ष पूरा करने पर नई ऑपरेटिंग इंस्ट्रक्शन और हस्ताक्षर बैंक में दोबारा दर्ज करवाना जरूरी होगा।

## Newspaper of 23 April, 2025

- **स्मृति मंधाना एवं जसप्रीत बुमराह विज्डन क्रिकेटर ऑफ द ईयर बने–**

22 अप्रैल, 2025 को भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को विज्डन क्रिकेट अलमैनेक के 2025 संस्करण में साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुना, जबकि महिला वर्ग में स्मृति मंधाना को यह सम्मान मिला। विज्डन पत्रिका ने साल 2024 के प्रदर्शन के आधार पर दोनों भारतीय खिलाड़ियों को इस सम्मान के लिए चुना। विज्डन ने पाँच सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों के भी नाम घोषित किए जिनमें गस एटकिंसन, लियाम डॉसन, सोफी एक्लेस्टोन, जेमी स्मिथ और डैन वॉरॉल शामिल हैं। वहीं निकोलस पूरन को सर्वश्रेष्ठ टी-20 क्रिकेटर चुना गया।

स्मृति मंधाना दो बार यह खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बन गई हैं। उन्होंने पिछले साल टेस्ट, वनडे और टी-20 प्रारूप में 1659 रन बनाए। इसके साथ ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। वहीं बुमराह का 2024 में 14.92 का औसत रहा। उन्होंने टेस्ट में रिकॉर्ड 71 विकेट चटकाए और टी-20 विश्वकप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उन्होंने 13.06 की औसत से 32 विकेट झटके।

■ **कैलाश मानसरोवर यात्रा वर्ष 2020 के पाँच वर्ष बाद 30 जून, 2025 से फिर से शुरू होगी–**

वर्ष 2020 के बाद पाँच साल लंबे इंतजार के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा 30 जून 2025 से फिर शुरू हो रही है। यह पवित्र यात्रा उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे के रास्ते चीन के तिब्बत क्षेत्र में कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील तक जाएगी। यात्रा 22 दिन चलेगी। कैलाश मानसरोवर यात्रा हर साल आयोजित की जाती है, लेकिन 2020 में कोविड-19 महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। उसके बाद भारत और चीन के बीच गलवान घाटी में तनाव और सीमा विवाद के कारण यात्रा दोबारा शुरू नहीं हो सकी थी। कैलाश और मानसरोवर झील चीन के तिब्बत क्षेत्र में आते हैं। यात्रा को फिर शुरू करने के लिए भारत और चीन के बीच आपसी सहमति पहले हो चुकी है। यात्रा दिल्ली से 30 जून को शुरू होगी। इसमें 250 यात्री शामिल होंगे। इन्हें पाँच दलों में बांटा जाएगा। हर दल में 50 लोग शामिल रहेंगे।

## Newspaper of 24 April, 2025

■ **पहलगाम आतंकी हमले के कारण भारत ने पाकिस्तान से सिंधु जल समझौता रद्द किया; पाकिस्तान के खिलाफ पाँच प्रमुख फैसले लिए–**

23 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान से सिंधु जल समझौता रद्द कर दिया तथा पाकिस्तान के खिलाफ पाँच प्रमुख कड़े फैसले लिए–

1. 1960 का सिंधु जल समझौता तत्काल प्रभाव से स्थगित किया गया–भारत ने कहा कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देना बंद नहीं करता, तब तक इस समझौते पर अमल नहीं होगा।
2. अटारी चेक पोस्ट को तत्काल प्रभाव से बंद किया–अटारी-बाघा बॉर्डर को बंद किया। पाकिस्तानी नागरिक 1 मई से पहले इसी मार्ग से लौट सकते हैं।
3. सार्क के अन्तर्गत मिले पाकिस्तानियों के सारे वीजा रद्द किए गए–पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में भारत छोड़ने के निर्देश। नए वीजा जारी नहीं किए जाएंगे।
4. नई दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायुसेना सलाहकार 'अवांछित व्यक्ति' घोषित। एक हफ्ते में भारत छोड़ना होगा। भारत भी पाक से अपने रक्षा, नौसेना, वायुसेना सलाहकारों को वापिस बुलायेगा।
5. उच्चायोगों के स्टाफ की संख्या 55 से घटाकर 30 होगी। फैसला 1 मई से लागू होगा।

■ **अब दस लाख से अधिक मूल्यवर्ग के लग्जरी प्रोडक्ट पर एक फीसदी टीसीएस देना होगा; सीबीडीटी ने अधिसूचना जारी की–**

22 अप्रैल, 2025 को केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अगर आप दस लाख रुपए से ज्यादा कीमत वाला हैंडबैग, कलाई घड़ी, जूते और स्पोर्ट्सवियर (खेल-कूद के दौरान पहनने वाले उत्पाद) जैसे लग्जरी सामान खरीदते हैं तो आपको एक प्रतिशत टीसीएस (स्रोत पर कर संग्रह) देना होगा। केन्द्र सरकार ने बजट के दौरान लग्जरी (विलासिता वाली) वस्तुओं के लिए वित्त अधिनियम, 2024 के तहत टीसीएस प्रावधान लागू करने का प्रस्ताव दिया था। इसे लागू कर दिया गया है। अधिसूचना में बताया गया कि दुकानदार 10 लाख से अधिक की खरीद पर ग्राहक से 1% टैक्स वसूल करेगा। ग्राहक की ओर से टीसीएस देने के बाद इसे खरीदार के पैन नंबर में जमा करने की जिम्मेदारी दुकानदार की होगी। वहीं खरीदार इसका उपयोग टैक्स क्रेडिट का दावा करने और आइटीआर फाइलिंग में कम टैक्स चुकाने के लिए कर सकता है। अगर टैक्स देनदारी टीसीएस राशि से कम है, तो आइटीआर में रिफंड का दावा किया जा सकेगा।

**ये सामान शामिल किए गए–**

- ♦ लग्जरी घड़ी और धूप का चश्मा
- ♦ एंटी पीस जैसे पेंटिंग्स और मूर्तियाँ
- ♦ कलेक्शन की चीजें जैसे सिक्के, डाक टिकट
- ♦ लग्जरी यॉट, रोइंग बोट, कैनो, हेलीकॉप्टर, लग्जरी हैंडबैग, पर्स, जूते।
- ♦ खेल का सामान जैसे गोल्फ किट, स्की वियर
- ♦ होम थिएटर सिस्टम, पोलो या रेस क्लब के लिए घोड़े खरीदना

## Newspaper of 26 April, 2025

■ **इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन का निधन हुआ; इसरो के कई अभियानों के सूत्रधार बने थे–**

25 अप्रैल, 2025 को इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ कृष्णस्वामी कस्तूरीरंगन का निधन हो गया। एक एक्स-रे खगोलशास्त्री के रूप में शुरुआत कर कई पदों पर रहते हुए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी शैक्षणिक सेवाओं और उपलब्धियों ने अमिट छाप छोड़ी है। भारत ने 60 के दशक के उत्तरार्ध में सामान्य तरीके से राष्ट्रीय अंतरिक्ष कार्यक्रम शुरू

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

किया, जब अमेरिका और रूस चंद्रमा पर उपस्थिति दर्ज करा चुके थे। कस्तूरीरंगन के इसरो अध्यक्ष के रूप में नौ साल (1994-2003) के कार्यकाल के दौरान भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम ने पृथ्वी अवलोकन उपग्रहों, संचार उपग्रहों और प्रक्षेपण सेवाओं के क्षेत्रों में प्रायोगिक चरण से परिचालन चरण में प्रगति की। उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण ने इसरो को साहसपूर्वक वाणिज्यिक अंतरिक्ष में कदम रखने के लिए प्रेरित किया और 1999 की शुरुआत में ही दस मिलियन अमेरिका डॉलर में संचार उपग्रहों के लिए एक अंतरराष्ट्रीय समूह इंटेलसैट को इनसैट-2ई उपग्रह के 10 ट्रांसपोंडर पट्टे पर दे दिए। इस सेवा के माध्यम से भारतीय घरों में क्षेत्रीय भाषाओं में केबल टीवी कार्यक्रम देखने को मिलने लगे और भारतीय टीवी कार्यक्रम भारतीय सीमाओं के बाहर 47 देशों तक पहुँच गए। डॉ. कस्तूरीरंगन ने इसरो के नारे 'समाज के लिए अंतरिक्ष' को सही मायने में अपनाया। वे विषयगत अंतरिक्ष मिशन जैसे टेली शिक्षा के लिए एजुसैट, टेलीमेडिसिन और संचार के लिए इनसैट/जीसैट उपग्रह, पृथ्वी संसाधनों के लिए रिसोर्ससैट, मौसम विज्ञान के लिए मैटसैट, समुद्र विज्ञान के लिए ओशनसैट, कार्टोग्राफी के लिए कार्टोसैट, पृथ्वी विज्ञान के लिए मेघाट्रोपिक, खगोल विज्ञान के लिए एस्ट्रोसैट, ग्रह विज्ञान के लिए चंद्रयान-1 जैसे मिशन लेकर आए।

इनके विशिष्ट योगदान के लिए इन्हें पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

## Newspaper of 28 April, 2025

### ■ चीन अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव से लाई चट्टानों को रिसर्च के लिए देगा–

हाल ही में चीन की राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को चाँद से लाई चट्टानों को रिसर्च करने के लिए देने का फैसला किया है।

चीन ने 2020 में चांग ई-5 मिशन के जरिए चाँद से चट्टाने इकट्ठा की थीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार चीन ने अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी और स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क एट स्टोनी ब्रुक को ये सैंपल रिसर्च के लिए देने की मंजूरी दी है। दोनों यूनिवर्सिटीज को नासा से फंडिंग मिलती है।

इनके अलावा जापान, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन और पाकिस्तान की यूनिवर्सिटीज को भी सैंपल दिए जाएंगे। चांग ई-5 मिशन से पहले सिर्फ सोवियत संघ और अमेरिका ने चाँद से चट्टाने लाई थीं। अमेरिका ने आखिरी बार 1972 में चाँद से सैंपल लाए थे। इसके बाद चीन ने जून 2023 में चांग 'ई-6 मिशन पूरा किया और पृथ्वी से दूर वाले चाँद के हिस्से से चट्टानें लाने वाला पहला देश बन गया।

उल्लेखनीय है कि चीन अपने अंतरिक्ष अभियानों के जरिए अमेरिका के सहयोगी देशों के साथ भी राजनीतिक रिश्ते मजबूत करना चाहता है। चीन का लक्ष्य 2035 तक चाँद पर स्थायी मानव बेस बनाना है चांग ई-7 और 8 मिशनों से चीन को यह तय करने में मदद मिलेगी कि चाँद पर कहाँ और कैसे बेस बनाया जाए।

## Newspaper of 29 April, 2025

### ■ IPL 2025 में राजस्थान रॉयल्स टीम के 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी टी-20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे युवा शतकवीर बने–

28 अप्रैल, 2025 को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में दुनिया ने राजस्थान रॉयल्स टीम के एक युवा सितारे 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ सिर्फ 35 गेंदो में शतक लगाकर राजस्थान रॉयल्स को आठ विकेट से जीत दिला दी। वैभव ने 38 गेंदों में सात चौकों और 11 छक्कों के साथ 101 रन की पारी खेली।

इसके साथ ही वह पुरुष टी-20 क्रिकेट इतिहास के सबसे युवा शतकवीर बने। उन्होंने 14 साल 32 दिन की उम्र में शतक लगाकार यह कमाल किया। उन्होंने भारत के ही विजय जोल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 21 मार्च, 2013 को अहमदाबाद में मुंबई के खिलाफ 18 साल 118 दिन की उम्र में शतक लगाया था।

- वैभव सूर्यवंशी ने मात्र 17 गेंदो में अर्धशतक पूरा किया। यह आईपीएल के मौजूदा सीजन में सबसे तेज अर्धशतक है।
- वैभव सूर्यवंशी ने 93% रन सिर्फ चौके-छक्कों से बना दिए। आईपीएल शतक में सर्वाधिक बाउंड्री प्रतिशत।
- आईपीएल में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड क्रिस गेल (30 गेंद, 2013) के नाम है वैभव सूर्यवंशी ने भारत के युसुफ पठान (37 गेंद, 2010) का रिकॉर्ड तोड़ा।
- वैभव सूर्यवंशी ने पारी में 11 छक्के लगाए। मुरली विजय की बराबरी की; गेल (17 छक्के) टॉप पर है।
- वैभव सूर्यवंशी ने 3 मैचों में 60 गेंदे खेलीं।

### ■ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जयपुर की बेतूल बेगम, जोधपुर के शीन काफ निजाम और सीकर के बैजनाथ महाराज को पद्मश्री अवॉर्ड से नवाजा–

28 अप्रैल, 2025 को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जयपुर निवासी मांड और भजन लोक गायिका बेतूल बेगम (गायिकी), जोधपुर निवासी कवि शीन काफ निजाम (साहित्य) और सीकर निवासी बैजनाथ महाराज (अध्यात्म) को पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा। इस सम्मान समारोह में पीएम

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

नरेन्द्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ समेत कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

■ **भारत और फ्रांस के बीच सबसे बड़ा रक्षा सौदा; फ्रांस से ÷ 64 हजार करोड़ में 26 राफेल मरीन खरीदेगा भारत, पहला राफेल मरीन 2028 में मिलेगा, 2030 तक सभी नौसेना बेड़े में होंगे–**

28 अप्रैल, 2025 को भारत और फ्रांस के बीच करीब 64 हजार करोड़ रुपये के अब तक के सबसे बड़े रक्षा सौदे पर हस्ताक्षर हुए। इसके तहत भारत को 26 राफेल मरीन फाइटर जेट मिलेंगे। इनमें 22 सिंगल सीटर और 4 ट्विन सीटर हैं। राफेल बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी डैसो एविएशन पहला फाइटर जेट डेढ़ साल में तैयार करके प्रदर्शन करेगी। भारत को पहला राफेल एम 2028 में मिलेगा और 2030 तक सभी विमान नौसेना के बेड़े में होंगे। इनकी तैनाती स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य पर होगी। ये विमान मिलने पर भारत के पास 62 राफेल हो जाएंगे।

**राफेल मरीन फाइटर जेट की मिशन में सामर्थ्य–**

- हवा से हवा में युद्ध करने में माहिर
- हवा से जमीन या समुद्र पर हमला
- निगरानी और जासूसी करने के लिए
- परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम
- पनडुब्बियों को निशाना बना सकता है।

**राफेल मरीन की विशेषताएँ–**

- राफेल मरीन फाइटर की लम्बाई–50 फीट, वजन–15 हजार किलो
- गति–2200 किमी./घंटा
- ईंधन–11,202 किलो
- क्षमता–50 हजार फीट की ऊँचाई तक जा सकता है।
- 1 मिनट में 18 हजार मीटर ऊँचाई तक जा सकता है।
- उड़ान भरने के बाद 3700 किमी तक हमले में सक्षम है।
- हवा में ही रीफ्यूलिंग भी की जा सकती है।
- पाकिस्तान के JF-17 और F-16 जेट्स राफेल-एम की तुलना में बहुत कमजोर हैं।
- चीन के J-10, J-15m और सुखोई-30 जेट्स चौथी पीढ़ी के हैं, जबकि राफेल-एम 4.5 पीढ़ी का है।

**Newspaper of 30 April, 2025**

■ **नर्मदेश्वर वायुसेना के नए उपप्रमुख होंगे–**

नर्मदेश्वर तिवारी वायुसेना के नए उपप्रमुख होंगे। वह एयर मार्शल एस.पी. धारकर का स्थान लेंगे, जो 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो रहे है। एयर मार्शल तिवारी फिलहाल गांधीनगर में साउथ वेस्टर्न एयर कमांड के कमांडर हैं। लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा को थलसेना की नॉर्दन कमांड का नया प्रमुख बनाया गया है।

■ **कनाडा में लिबरल पार्टी की ऐतिहासिक जीत, कार्नी होंगे नए पीएम–**

कनाडा के संसदीय चुनावों में मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी ने इतिहास रचा। पार्टी लगातार चौथी बार सत्ता संभालने वाली है। पहली बार चुनाव लड़ रहे पीएम और लिबरल पार्टी के कार्नी ने बड़ी जीत हासिल की है। जबकि प्रमुख विपक्षी दल कंजरवेटिव पार्टी के अध्यक्ष पियरे पोलिवरे अपनी ही सीट पर चुनाव हार गए।

| **कुल सीट** | **343** |
|---|---|
| बहुमत | 172 |
| लिबरल पार्टी | 168 |
| कंजरवेटिव | 144 |
| ब्लॉक क्यूबेक | 23 |
| एनडीपी | 07 |
| अन्य | 01 |

■ **29 अप्रैल, 2025 को जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई को भारत का अगल प्रधान न्यायाधीश (सीजेआइ) नियुक्त किया गया। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उनके नाम को भारत के 52वें सीजेआई के रूप में मंजूरी दे दी है। वे 14 मई, 2025 को शपथ लेंगे।**

मौजूदा सीजेआइ संजीव खन्ना का कार्यकाल 13 मई, 2025 को कार्यकाल समाप्त हो रहा है। उल्लेखनीय है कि जस्टिस गवई देश के दूसरे दलित सीजेआइ होंगे। उनसे पहले जस्टिस केजी बालकृष्णन् साल 2007 में सीजेआई बने थे। जस्टिस गवई का कार्यकाल छह महीने का होगा।

□□□

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com


# संजीव®

**50 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी


## मनोहर सिंह कोटड़ा के मार्गदर्शन में तैयार पुस्तकें

### ( 41 जिलों एवं 7 संभागों पर आधारित नवीनतम संस्करण )




## कैलाश नागौरी की संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तकें




संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

संजीव Telegram चैनल एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

**प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर**

Visit us at : www.sanjivprakashan.com